### प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

# मुख्य आयोजन पुलिस परेड ग्राउंड में होगा



नया कलेक्टोरेट पर राष्ट्रध्वज के रंग में की गई रोशनी।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पुलिस परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

मुख्य समारोह 15 अगस्त को सुबह 8.58 बजे शुरू होगा। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा, इसी के साथ राष्ट्रगान, सुबह 9.05 बजे परेड निरीक्षण, 9.15 बजे संदेश वाचन, 9.25 बजे हर्ष फायर, 9.35 बजे मार्चपास्ट, परेड कमांडर से परिचय, 9.45 बजे पुरस्कार वितरण, 9.50 बजे आभार प्रदर्शन, सुबह 10 बजे मध्यप्रदेश गान होगा।

**डीआरएम ऑफिस में सुबह 9.45 बजे होगा :** डीआरएम ऑफिस में सुबह 9.45 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां हो गई हैं।

## यहां भी होगा ध्वजारोहण

स्टेशन पर टेम्पो मैजिक यूनियन के राजकुमार जैन लाला एवं अशोक पंचोली ध्वजारोहण करेंगे। धराड़ में भाजपा के मंडल कार्यालय पर सुबह 7.30 बजे झंडावंदन होगा। धराड़ मंडल अध्यक्ष आनंदीलाल राठौड़ ध्वजारोहण करेंगे। ग्राम पंचायत शिवपुर और माध्यमिक स्कूल में ग्राम प्रधान सविता मुनिया ध्वजारोहण करेंगी। वहीं हाईस्कूल लुनेरा में ग्राम प्रधान चरणेश कुंवर जोधा, एकलव्य छात्रावास सैलाना में अधीक्षिका उपासना धाकसे ध्वजारोहण करेंगी।

# 60% के आयुष्मान कार्ड बने

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम तेजी से चल रहा है। रोज 1 हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं। आप भी समग्र आईडी और आधार कार्ड लेकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। अब तक 60% लोगों ने कार्ड बनवा लिए हैं।

आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत कार्डधारी परिवार के सदस्यों को एक साल में पांच लाख रुपए तक का फ्री स्वास्थ्य सुरक्षा कवच दिया जाता है। कार्डधारी परिवार के सदस्य चिन्हित निजी और शासकीय अस्पतालों में उपस्थित होकर कार्ड दिखाकर फ्री उपचार ले सकते हैं। सामाजिक आर्थिक जातीय सर्वेक्षण 2011 के आधार पर श्रेणी 1 से 7 (डी 6 श्रेणी को छोड़कर) परिवार के सदस्य, संबल योजना के पात्र हितग्राही , खाद्यान्न पर्ची धारक परिवार के सदस्यों को पात्रता की श्रेणी में शामिल किया गया है।

4

## वॉल्वमेन जितेन्द्र-राधेश्याम सेवा से बर्खास्त

**रतलाम।** नगर निगम जलप्रदाय विभाग के दैनिक वेतन भोगी वॉल्वमैन जितेन्द्र-राधेश्याम के विरूद्ध महिला से ज्यादती की थाने में विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज होने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जितेन्द्र-राधेश्याम को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया गया। दैनिक वेतन भोगी वॉल्वमेन जितेन्द्र-राधेश्याम का उक्त कृत्य मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी 5-1-2013-1-3 भोपाल 3.05.2017 के बिन्दु क्रमांक 4.1 (घ) के विपरित होने से सेवा से बर्खास्त किया गया।

## नगर निगम के वॉल्वमैन जितेंद्र और राधेश्याम सेवा से बर्खास्त

**रतलाम|** नगर निगम जलप्रदाय विभाग के दैनिक वेतन भोगी वॉल्वमैन जितेंद्र राधेश्याम के विरुद्ध थाने में महिला से ज्यादती की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वॉल्वमैन को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

## वॉल्वमेन जितेन्द्र-राधेश्याम सेवा से बर्खास्त

**रतलाम।** नगर निगम जलप्रदाय विभाग के दैनिक वेतन भोगी वॉल्वमैन जितेन्द्र-राधेश्याम के विरूद्ध महिला से ज्यादती की थाने में विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज होने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जितेन्द्र-राधेश्याम को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया गया। दैनिक वेतन भोगी वॉल्वमेन जितेन्द्र-राधेश्याम का उक्त कृत्य मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी 5-1-2013-1-3 भोपाल 3.05.2017 के बिन्दु क्रमांक 4.1 (घ) के विपरित होने से सेवा से बर्खास्त किया गया।

## 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौश्त विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

15/8

## वॉल्वमैन जितेन्द्र राधेश्याम सेवा से बर्खास्त

**रतलाम।** नगर निगम जलप्रदाय विभाग के दैनिक वेतन भोगी वॉल्वमैन जितेन्द्र-राधेश्याम के विरुद्ध महिला से ज्यादती की थाने में विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जितेन्द्र-राधेश्याम को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया गया।

दैनिक वेतन भोगी वॉल्वमैन जितेन्द्र-राधेश्याम का उक्त कृत्य मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी 5 जनवरी 2013-1-3 भोपाल 3 मई 2017 के बिन्दु क्रमांक 4.1 (घ) के विपरित होने से सेवा से बर्खास्त किया गया।

15/8

15/8/2021

(6)

# आयुष्मान कार्ड लोक सेवा गारंटी में शामिल; अब आसानी से बनेंगे

भास्कर न्यूज | भोपाल

आयुष्मान कार्ड अब लोक सेवा केंद्र से बनवा सकेंगे। इस लोक सेवा गारंटी योजना में शामिल कर लिया गया है। अभी तक ये अस्पतालों और कॉमन सर्विस सेंटरों से बनाए जा रहे थे। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत पात्र हितग्राही को गंभीर रोगों के उपचार के लिए एक साल में पांच लाख रुपए तक की सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में इलाज की सुविधा है। लोक सेवा केंद्रों पर इसके आवेदन आना शुरू हो गए हैं। यहां से लोगों को कार्ड बनाकर दिए जा रहे हैं। पात्र लोगों से अपील है कि यदि उनका कार्ड नहीं बना है तो अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवेदक को निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। आयुष्मान कार्ड से संबंधित जानकारी के लिए राज्य-स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 0755-2775227 जारी किया गया है।

# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

लिए चयनित किया गया है।

# डेंगू लार्वा पाए जाने पर पांच संस्थानों पर जुर्माना

रतलाम। नागरिकों को डेंगू व मलेरिया से बचाने के लिए नगर निगम व मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच की जा रही है। इसके तहत शनिवार को पांच संस्थानों पर डेंगू के लार्वा पाए जाने पर जुर्माना किया गया। नगर निगम व मलेरिया विभाग के संयुक्त दल ने डेंगू के लार्वा पाए जाने पर मोहनबाग से 2000, अपना रेस्टोरेंट, सांवरिया रेस्टोरेंट से 1000-1000, अक्षय भोजनालय, अलकापुरी साइकिल सेंटर से 500-500 रुपये का जुर्माना वसूला।

15/8/2021

# स्वतंत्रता दिवस पर वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गौशत विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

5 - 15/8

5

# नगर निगम कर्मचारी ने चाकू से गला काटकर दी जान

## पैरालिसिस होने से घर पर ही रहता था

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में नगर निगम के कर्मचारी 54 वर्षीय गोपाल पुत्र चतुर्भुज ने चाकू से गला काटकर जान दे दी।



वह पैरालिसिस (लकवा) से परेशान था। माना जा रहा है कि उसने बीमारी से परेशान होकर अपनी जान दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार गोपाल रात में अपने कमरे में सोया था। शनिवार सुबह स्वजन पानी भरने उठे तो उन्होंने देखा कि गोपाल के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। आवाज देने पर जवाब नहीं मिला। स्वजन ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया तो गोपाल के गले से खून निकल रहा था और पास में सब्जी काटने का चाकू पड़ा हुआ था। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्वजन ने बताया कि गोपाल को सात-आठ वर्ष पहले पैरालिसिस हुआ था। इस कारण वे चल-फिर नहीं पाते थे। पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंप दिया गया।

### जहर खाने से युवती की मौत

**रतलाम।** ग्राम बरखेड़ाखुर्द निवासी 20 वर्षीय रवीना पुत्री दशरथ शर्मा की जहर खाने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रवीना को जहर खाने से सागोद रोड एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। वहां से उसका शव जिला अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया। उसके जहर खाने का कारण पता नहीं चला है। मामले की जांच की जा रही है।

नईदुनिया

# दो बत्ती सड़क 3 माह में बनेगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दो बत्ती चौराहे पर निर्माणाधीन सड़क तीन महीने में बन जाएगी। शनिवार को आयोजित जनोपयोगी लोक अदालत की बैठक में जानकारी कलेक्टोरेट और नगर निगम की ओर से उपस्थित उपयंत्री विकास सिंह मकाम ने दी।

पीठासीन अधिकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अरुण श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह, पक्षकार एवं अधिवक्ता पूर्व अपर जिला न्यायाधीश आरके श्रीवास मौजूद थे। पूर्व न्यायाधीश श्रीवास द्वारा प्रस्तुत प्रकरण के निराकरण करते हुए शासकीय निर्माणकार्य समय पर पूर्ण करने, निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाने तथा बोर्ड पर संबंधित ठेकेदार का मोबाइल नंबर, कार्य प्रारंभ होने तथा समापन की तिथि दर्शाने के निर्देश प्रदान किए।

15/8/2021


(3)

**डेंगू** • पिछले सालभर के मुकाबले मिल गए तीन गुना केस, 425 घरों में मिल चुका लार्वा

# दो साल से ठंड में बढ़े मामले, इस बार 3 महीने पहले अटैक, कुल 139 केस

## रत्नपुरी चौराहे पर 5 दुकानों का काटा चालान


भास्कर संवाददाता | रतलाम



डेंगू ने हमारे शहर पर इस साल तीन महीने पहले अटैक कर दिया है। आलम ऐसा है कि अब तक 139 केस सामने आ चुके हैं जो पिछले साल के मुकाबले तीन गुना है। इधर अब मानसून ब्रेक में डेंगू के मामले बढ़ने की आशंका लगातार बन रही है। शहर में चालानी कार्रवाई शुरू हो गई है। शनिवार को 5 दुकानों का चालान काटा गया है।

शहर में इस बार डेंगू का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। अब तक 139 केस सामने आ गए हैं। इसमें 119 मामले ऐसे हैं जो एलाइजा टेस्ट से कंफर्म हुए हैं। इधर इस बार डेंगू की चाल भी बदली है। पिछले साल सितंबर तक शहर में 5 केस ही थे, नवंबर तक 32 मामले हो गए थे। सालभर में 42 डेंगू के केस मिले थे। ज्यादा केस ठंड के मौसम में ही सामने आए थे। वहीं इससे पहले 2019 में भी ऐसा ही हुआ था, जब शहर में 162 केस आए थे, इसमें से 90 से ज्यादा मामले अक्टूबर के बाद ही मिले थे। वहीं 2018 में 242 केस थे, जिसमें से 60% मामले ठंड में ही मिले थे। जिले में इस बार ठंड से पहले ही 139 केस सामने आ गए हैं।

**दो साल से लगातार 150 से ज्यादा मरीज**




## मानसून ब्रेक से हुआ ऐसा... तेज बारिश नहीं

मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति बताते हैं कि हर साल शहर में ठंड में केस बढ़ते हैं लेकिन इस बार असामान्य बारिश के कारण ठंड से पहले ही डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। अब तक दो या चार बार ही ऐसा हुआ है जब तेज बारिश हुई है। जबकि तेज बारिश में लार्वा फ्लश हो जाता है। इसके अलावा बारिश की खेंच से जलसंकट की स्थिति भी बनी। पल्दूना और बांगरोद में पानी स्टोरेज करने के मामले सामने आए, जिनमें लार्वा पनपा है।

## मैरिज गार्डन, रेस्टोरेंट सहित 5 दुकानों में मिला लार्वा, 5 हजार का चालान काटा



शनिवार को मलेरिया विभाग और नगर निगम ने मिलकर चालानी कार्रवाई की शुरुआत की है। अलकापुरी और रत्नपुरी चौराहे पर 5 दुकानों में लार्वा मिला। इसे लेकर 5 हजार का चालान काटा गया। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह मौजूद रहे। अपना रेस्टोरेंट पर 1000 रुपए, सांवरिया रेस्टोरेंट पर 1000 रुपए, अक्षत भोजनालय पर 500 रुपए, मोहन बाग पर 2000 रुपए, अलकापुरी साइकिल सेंटर पर 500 रुपए का चालान काटा गया।

## डेंगू जांच किट खत्म

इधर मलेरिया विभाग के पास उपलब्ध डेंगू की जांच किट खत्म होने से परेशानी हुई। इसके कारण किट से जांच नहीं हो सकी। शनिवार को मलेरिया विभाग को दो किट मिली है। इससे जांच हो सकेगी।

## डेंगू की ये पहचान

- अचानक तेज बुखार आना
- सिर व आंखों में दर्द होना
- मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द
- शरीर पर चकत्ता निकलना
- ठंड लगना और बुखार आना
- त्वचा पर लाल चकत्ते बनना

## लगातार होगी चालानी कार्रवाई

*डेंगू को लेकर सख्ती हो रही है। नगर निगम के साथ मिलकर अब लगातार चालानी कार्रवाई की जाएगी। लोगों से भी अपील है कि वे घरों के आसपास पानी जमा ना होने दें। मानसून ब्रेक में लार्वा पनपता है।*

**डॉ. प्रमोद प्रजापति,** मलेरिया अधिकारी, रतलाम

15/8/2021

वर्चुअल बैठक में व्यापारियों ने समस्याओं से कराया अवगत

# सांसद डामोर ने कहा रतलाम महानगर बनेगा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com






रतलाम. रतलाम संसदीय क्षेत्र के व्यापारियों से शुक्रवार को सांसद गुमानसिंह डामोर से वर्चुअल बैठक की। इसमें सभी व्यापारियों ने अपनी समस्या से अवगत कराया। साथ ही सुझाव भी दिए। इस पर सांसद डामोर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रतलाम लोकसभा को आदर्श व रतलाम को महानगर बनाने की है। इसके लिए वे संबंधित मंत्रालयों में मंत्रियों से बात करेंगे। उन्हें व्यापारियों से हुई चर्चा में प्राप्त समस्याओं और सुझावों को संबंधित मंत्रियों से प्रत्यक्ष मिल कर चर्चा करेंगे।

मालवा चेंबर ऑफ कॉमर्स के वरुण पोरवाल ने व्यवसायियों हेतु सुदृढ़ पॉलिसी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। रतलाम सराफ व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष झमक भरगट और कीर्ति बड़जात्या ने नए कानून से इंस्पेक्टर राज वापस लागू होने से व्यापारी की परेशानी से अवगत कराते हुए यूएचआईडी कानून व धारा 411 व 412 समाप्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि. व्यापारी आभूषण गिरवी रखते हैं जिसमें कुछ भी गलत नहीं है। कार्रवाई तो उन साहूकारों पर होनी चाहिए जो लोगों से 10, 20 व 40 फीसदी तक ब्याज वसूल करते हैं। ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के कांतिलाल चौपड़ा ने पूरे देश में गेहूं का समर्थन मूल्य एक रखने की बात कही।

ऑक्शन के तहत गेहूं को कम से कम 50 टन तक किया जाए। जिससे छोटे व्यापारियों को भी इसका लाभ मिल सके। साड़ी विक्रेता संघ के संजय चाणोदिया ने कहा कि रतलाम में 500 करोड़ का साड़ियों का कारोबार होता है। रतलाम में 8 लेन बन रहा है। वहां टेक्सटाइल्स पार्क विकसित होना चाहिए। साड़ियों सहित अन्य कारोबार के लिए विपणन केंद्र बनाना चाहिए। यहां सूरत की ही तरह कारोबार की व्यवस्था हो। इलेक्ट्रिक व्यापारी संघ के जयवंत कोठारी ने बताया इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर अलग-अलग जीएसटी लगता है। कई उत्पादनों पर 18 प्रतिशत जीएसटी है जिसे 12 प्रतिशत तक किया जाना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी संघ के मनीष जैन ने ऑनलाइन कारोबार से स्थानीय व्यापारियों को होने वाले नुकसान का जिक्र किया। उन्होंने कहा सरकार को कोई ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे स्थानीय व्यापारियों को राहत मिले।

1

# भवन रोशनी से नहाए, आज आजादी का जश्न

## स्वतंत्रता दिवस ● पुलिस परेड ग्राउंड में जिला प्रभारी मंत्री ध्वजारोहण कर लेंगे परेड की सलामी



रतलाम के महू रोड स्थित नवीन कलेक्टोरेट भवन में स्वतंत्रता दिवस के लिए की गई आकर्षक विद्युत सज्जा। ● नईदुनिया

**रतलाम।** देश की आजादी का जश्न रविवार को चारों तरफ उल्लास से मनाया जाएगा। जगह-जगह राष्ट्र की आन, बान और शान का प्रतीक तिरंगा फहराया जाएगा। कई स्थानों पर रंगारंग देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम होंगे। उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा।

जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड पर स्वतंत्रता दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। प्रदेश के नगरीय विकास व आवास राज्यमंत्री और जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

मुख्य समारोह के लिए निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः 8:58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, नौ बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, 9:05 बजे परेड निरीक्षण, 9:15 बजे संदेश वाचन, 9:25 बजे हर्ष फायर, 9:35 बजे मार्च पास्ट, परेड कमांडर से परिचय, 9:45 बजे पुरस्कार वितरण, 9:50 बजे आभार प्रदर्शन और 10:00 बजे मध्य प्रदेश गान होगा।

पुलिस परेड ग्राउंड पर मुख्य समारोह के अंतिम रिहर्सल की गई। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, डा. इंद्रजीत बाकलवार, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। नगर निगम भवन पर प्रातः 7:30 बजे निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ध्वजारोहण करेंगे।

**कालेज रोड पर फहराएगा तिरंगा:** कालेज रोड स्थित श्रद्धा सबूरी टी स्टाल पर गोपालसिंह गहलोत मित्र मंडल की ओर से 11 वर्षों से लगातार आजादी का पर्व मनाया जा रहा है। इस वर्ष शहीद धर्मेंद्रसिंह चौहान की माता टम्मा कुंवर चौहान तिरंगा फहराएंगी। उनका सम्मान भी किया जाएगा।

**बिरमावल से निकलेगी तिरंगा पदयात्रा :** शहर कांग्रेस द्वारा गांधी उद्यान नगर निगम चौराहे पर प्रातः 9:00 ध्वजारोहण किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया द्वारा प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ के संदेश का वाचन किया जाएगा। ग्राम बिरमावल के गोपाल गेहलोत द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम से जिला मुख्यालय तक की तिरंगा पदयात्रा निकाली जाएगी। वे तिरंगा थामकर महू रोड स्थित नवीन कलेक्टोरेट परिसर में होने वाले समारोह में शामिल होंगे।

**अमृत महोत्सव मनाएंगे:** श्री विचक्षण विद्यापीठ हायर सेकंडरी संस्था में स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव खरतरगच्छ श्रीसंघ के अध्यक्ष मनसुख चोपड़ा, खरतरगच्छ श्रीसंघ के पूर्व अध्यक्ष मनोहर छाजेड़ के आतिथ्य में सुबह 9:40 बजे मनाया जाएगा। समिति कोषाध्यक्ष रवींद्र मालू और प्राचार्य एसएल गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम कोरोना प्रोटोकाल के तहत होगा।

**मोमिनपुरा चौराहे में फहराएंगे तिरंगा:** सामाजिक संस्था इस्लामिया ए हिंद कमेटी द्वारा रविवार सुबह 10:30 बजे मोमिनपुरा चौराहे पर कोरोना योद्धा डाक्टर, पुलिस, पत्रकार एवं स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष व पूर्व पार्षद प्रतिनिधि इक्का बैलूत ने दी।

नईदुनिया

नईदुनिया
15/8/2021